05.

राजस्थान की राजनीतिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था

(i) राज्यपाल

1. निम्न में से कौन-सा एक युग्म (राजस्थान के राज्यपाल पूर्व पद) सही नहीं है?

(a) मदनलाल खुराना - दिल्ली के मुख्यमंत्री
(b) कल्याण सिंह - उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री
(c) राम नाईक - उत्तरप्रदेश के राज्यपाल
(d) कलराज मिश्रा - उत्तरप्रदेश के राज्यपाल

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-D

Ans. (d) : कलराज मिश्रा वर्तमान में राजस्थान के राज्यपाल है। वह कभी भी उत्तर प्रदेश के राज्यपाल नहीं रहे। अन्य विकल्प सही है।

2. राजस्थान के राज्यपाल पदेन कुलाधिपति होते हैं -

(a) समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के साथ ही राजस्थान के भू-भाग में कार्यरत केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के।
(b) राजस्थान के समस्त राज्य के साथ ही निजी विश्वविद्यालयों के।
(c) राजस्थान के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के।
(d) समस्त राज्य एवं निजी विश्वविद्यालयों के साथ ही राजस्थान के भू-भाग में कार्यरत केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के।

Rajasthan CET (G. Level) 2022 Set-A

Ans. (c) : राजस्थान राज्य के राज्यपाल राजस्थान के समस्त राज्य विश्वविद्यालयों के पदेन कुलाधिपति होते हैं। राजस्थान के केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति महामहिम राष्ट्रपति होते हैं।

3. गुरुमुख निहाल सिंह को राजस्थान का प्रथम राज्यपाल नियुक्त किया गया था-

(a) 2 नवम्बर, 1956 को (b) 25 अक्टूबर, 1956 को
(c) 1 नवम्बर, 1956 को (d) 26 अक्टूबर, 1956 को

RPSC RAS (Pre) 2021

Ans. (*) गुरुमुख निहाल सिंह राजस्थान के प्रथम राज्यपाल नियुक्त होने से पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री थे। राज्यपाल पद के लिए राष्ट्रपति द्वारा 25 अक्टूबर, 1956 को वारंट जारी किया गया। चूँकि राजस्थान राज्य का गठन 1 नवम्बर, 1956 को हुआ। अतः इस प्रश्न पर विवाद कोर्ट में लम्बित है। विशेषज्ञों का मानता है कि 31 अक्टूबर तक गुरुमुख निहास सिंह दिल्ली के मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे अतः सही उत्तार 1 नवम्बर, 1956 होना चाहिए। लोक सेवा आयोग द्वारा जारी कुंजी में इस प्रश्न का सही उत्तर विकल्प (b) अर्थात 25 अक्टूबर, 1956 माना गया है।

4. राजस्थान के प्रथम राज्यपाल कौन थे?

(a) गुरुमुख निहालसिंह (b) सम्पूर्णानन्द शास्त्री
(c) सरदार हुकमसिंह (d) सरदार जोगेन्द्रसिंह

कनिष्ठ वैज्ञानिक सहायक (भौतिक) भर्ती परीक्षा-2019
कनिष्ठ अनुदेशक (फिटर) भर्ती परीक्षा-2018

Ans. (a) – उपर्युक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

5. आयोग जिसने राज्यपालों के लिए पाँच वर्ष के एक निश्चित कार्यकाल की संस्तुति की-

(a) राजमन्नार आयोग (b) पुंछी आयोग
(c) शाह आयोग (d) लिब्रहान आयोग

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (b) : पुंछी आयोग ने राज्यपालों के लिए पाँच वर्ष की निश्चित कार्यकाल की संस्तुति की थी। पुंछी आयोग का गठन भारत सरकार द्वारा 27 अप्रैल 2007 को केन्द्र-राज्य संबंधों पर एक आयोग के रूप में किया गया था। पुंछी आयोग ने राज्यपालों के लिए एक निश्चित पाँच वर्ष के कार्यकाल की सिफारिश की थी।

6. राजस्थान में निम्नलिखित राज्यपालों में से किन की मृत्यु पद पर रहते हुए हुई?
(i) श्री दरबारा सिंह
(ii) श्री निर्मल चंद्र जैन
(iii) श्री शैलेंद्र कुमार सिंह
(iv) श्री कैलाशपति मिश्र
सही कूट का चयन कीजिए-

(a) (i) और (ii) (b) (i) और (iii)
(c) (i), (ii) और (iii) (d) (ii) और (iv)

कनिष्ठ लिपिक अभियन्ता 18-05-2022

Ans. (c) : राजस्थान राज्य के निम्नलिखित राज्यपालों की मृत्यु उनके कार्यकाल के दौरान हुआ था।

	राज्यपाल		मृत्यु वर्ष
1.	श्री दरबारा सिंह	-	1998
2.	निर्मल चंद जैन	-	2003
3.	श्री शैलेद्र कुमार सिंह कार्यकारी	-	2009
4.	श्रीमती प्रभाराव	-	2010

7. राजस्थान के वे राज्यपाल जिनका कार्यकाल के दौरान निधन हुआ-

1. एस.के. सिंह 2. श्रीमती प्रभा राव
3. निर्मल चंद जैन 4. दरबारा सिंह